दिनांक : 17.04.2025 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष

अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद पूरी तरह समाप्त हो जाएगा और इसमें सीआरपीएफ के जवान सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। श्री शाह आज मध्य प्रदेश के नीमच में सीआरपीएफ के 86वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे।

देश के अमर शहीदों के बलिदान को नमन करते हुए श्री शाह ने कहा कि देश के इतिहास में सुरक्षा बलों के अमर शहीदों की शौर्यगाथा स्वर्ण अक्षरों में लिखी जाएगी। उन्होंने सीआरपीएफ के शहीद जवानों के परिवारों की सराहना करते हुए कहा कि देश सशक्त और समृद्ध बन रहा है, इसमें उनके परिवार का अतुलनीय योगदान है।

कार्यक्रम में श्री शाह ने जवानों को वीरता पुरस्कारों से सम्मानित किया। उन्होंने शहीद स्थल पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और परेड का निरीक्षण भी किया। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और सीआरपीएफ महानिदेशक ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह भी शामिल हुए।

पर्यावरण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केन्द्रीय वन-पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव मध्यप्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में वन पुनर्स्थापन, जलवायु परिवर्तन और समुदाय-आधारित आजीविका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कल दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ करेंगे। भोपाल में आयोजित होने वाली कार्यशाला में विकसित भारत @2047 के लक्ष्यों में वनों की भूमिका पर मंथन होगा। कार्यशाला में प्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह स्वागत उद्बोधन देंगे। इस अवसर पर जनजातीय समुदाय और प्राकृतिक संरक्षण पर

केंद्रित ऑडियो-विजुअल प्रस्तुति भी दी जाएगी। राज्यपाल मंगुभाई पटेल राष्ट्रीय कार्य शाला के समापन-सत्र में मुख्य अतिथि होंगे।

अश्विनी - स्मार्टफोन

भारत का स्मार्टफोन निर्यात पिछले वित्तीय वर्ष में दो लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर तक पहुँच गया है। स्मार्टफोन पिछले वित्तीय वर्ष के पहले दस महीनों में भारत का सबसे बड़ा निर्यात बनकर उभरे हैं। यह जानकारी इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में दी। उन्होंने कहा कि 2013-14 में देश का स्मार्टफोन निर्यात 167वें स्थान पर था और अब यह पहले स्थान पर पहुँच गया है।

उन्होंने बताया कि सरकार ने 2020 में स्मार्टफोन के लिए प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (PLI) योजना शुरू की थी, जो इस क्षेत्र के लिए एक निर्णायक क्षण साबित हुआ। मंत्री ने यह भी कहा कि इस क्षेत्र में लाखों नए रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं, विशेष रूप से महिलाओं के लिए।

मौसम

भोपाल समेत प्रदेशभर में भीषण गर्मी का सितम जारी है। ओले-बारिश और आंधी का सिस्टम कमजोर पड़ते ही प्रदेश में एक बार फिर गर्मी का असर बढ़ गया है। मालवा-निमाड़ यानी इंदौर-उज्जैन संभाग सबसे गर्म है। ग्वालियर, चंबल संभाग में भी गर्म हवाओं ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के अधिकांश हिस्से में गर्मी का असर रहने की संभावना जताई है। प्रदेश में कल 9 शहरों में दिन का तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच गया। इनमें रतलाम, नर्मदापुरम, खंडवा, शाजापुर, खरगोन, नरसिंहपुर, उज्जैन, धार और गुना शामिल हैं। सबसे गर्म रतलाम रहा। जहां तापमान 42.6 डिग्री दर्ज किया गया।

समाचार संक्षेप में........

- नर्मदापुरम जिले की ग्राम पंचायत रंढाल में जर्मनी की कंपनी जीआईजेड के सहयोग से निर्मित प्रदेश के पहले जैविक संसाधन केंद्र और बायो प्रोम जैविक खाद निर्माण इकाई का शुभारंभ कलेक्टर सोनिया मीना ने किया।
- रायसेन जिले के औद्योगिक क्षेत्र मंडीदीप स्थित हिन्दुस्तान इलेक्ट्रोग्रेफाइट कंपनी लिमिटेड में रासायनिक औद्योगिक आपदा का मॉक अभ्यास किया गया।
- जल गंगा संवर्धन अभियान अन्तर्गत वर्षा जल को सहेजने के लिए आगरमालवा जिले में व्यापक स्तर पर आयोजित हो रही जागरूकता गतिविधियों के तहत कल ग्राम भड़भूंजी में बालिकाओं ने 'जल है तो कल है, 'जल बचाव जीवन बचाव' आदि नारों की मेंहदी बनाकर जल संरक्षण के लिए जागरूक किया।
- खरगोन जिले के कसरावद वन परिक्षेत्र में कल रात फंदे में फंसी एक मादा तेंदुआ रात भर दहाड़ती रही। शिकारियों के ट्रैप पैड में फंसी मादा तेंदुए का आज रेस्क्यू कर लिया गया। वन विभाग ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश आरंभ कर दी है।

नमस्कार।